महत्वपूर्ण एवं खास

छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू का खतरा, पिछले दो दिनों में दो लोगों की स्वाइन फ्लू से मौत, अलर्ट जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू का खतरा, पिछले दो दिनों में दो लोगों की स्वाइन फ्लू से मौत, अलर्ट जारी 7 बता दें कि स्वाइन फ्लू से पिछले 10 दिनों में दो की मौत हो गई है. इसमें एक रायपुर से है, तो दूसरा जांजगीर चांपा का रहने वाला था. इन दोनों ही मरीजों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था. दोनों मरीजों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग की साइट से हुई. इसमें विभाग ने जानकारी अपलोड कर दोनों मरीजों की मौत होने के बारे में बताया है. विभाग स्वाइन फ्लू को लेकर दो महीने पहले ही अलर्ट जारी कर चुका है. मरने वालों में रायपुर की एक महिला और जांजगीर से एक पुरुष शामिल है. मामले में कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने कहा कि विभाग को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सही इंतजाम करना चाहिए. हालांकि मौसम में बदलाव की गंभीरता को देखते हुए मरीजों को खास सावधानी बरतने को कहा है.

गांव की बेटी सोनम गोल्ड मेडल से सम्मानित

न्याय साक्षी/रायगढ़। शिक्षा के क्षेत्र में कोसीर गांव की बेटी सोनम अग्रवाल ने गोल्ड मेडल पाकर फिर एक बार सारंगढ़ अंचल और रायगढ़ जिले का नाम रोशन किया है ।सोनम अग्रवाल का जन्म 17 अक्टूबर 1988 को कोसीर गांव के स्व रामानन्द अग्रवाल के पुत्र मिट्ठू लाल अग्रवाल की पुत्री है। उनकी माता का नाम किरन लता अग्रवाल है सोनम की प्रारंभिक शिक्षा कोसीर के बालक कन्या स्कुल में हुई थी वही मिडिल और हायर शिक्षा नवोदय विद्यालय भोपदेवपुर रायगढ़ और उच्च शिक्षा की पढ़ाई आयुर्वेद मेडिकल कलेज रायपुर में पूरा की थी।

सिद्धि विनायक कालोनी के सामने ब्रेकर बना जी का जंजाल, सड़क दुर्घटना में युवक गम्भीर

न्याय साक्षी/रायगढ़। तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ब्रेकर में मोटरसाइकिल पर नियंत्रण नहीं रख पाया। इससे बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। इस घटना से घायल युवक को इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया है। सड़क दुघर्टना कोतवाली थाना क्षेत्र इंदिरा नगर इलाके की है। जानकारी के अनुसार सूर्यकांत पिता बंसी लाल उम्र 23 वर्ष चारपाली चंद्रपुर थाना निवासी है। जो किसी कार्य के सिलसिले में रायगढ़ गेरवानी आया हुआ था। जहां काम को निपटाने के बाद इस इंदिरानगर मार्ग से वापस घर जा रहा था। इन दौरान लगभग रात आठ बजे सिद्धि विनायक कालोनी के पास बना जंबो ब्रेकर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गया। इससे युवक बाइक समेत रोड पर धरासाई हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मोटरसाइकिल रफ्तार होने के कारण युवक 10 मीटर दूर छिटक गया। दुर्घटना देख लोगो मे बचाव के लिए आये जहां 112 वे 108 को मौके पर बुलाया गया। जिस पर युवक सूर्यकांत को मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया। लहूलुहान युवक का प्राथमिक उपचार किये जाने के बाद आधी रात ही रायपुर रिफर कर दिया गया।

रेलवे स्टेशनों में नहीं मिल रहा रेल नीर

न्याय साक्षी/रायगढ़। साउथ ईस्टर्न मध्य यानि एसईसीआर रेलवे प्रबंधन द्वारा उनके अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों में रेल नीर बेचे जाने का दावा खोखला साबित हुआ है। रायगढ़ रेलवे स्टेशन की बात करें तो यहां रेलवे प्रबंधन और वेंडर सहित स्टॉल संचालकों की ऐसी सेटिंग है कि रेल नीर को पूरी तरह से गायब कर बिलासा, एक्वा ब्लू जैसी स्थानीय बोतलबंद कंपनियों का पानी बेचा जा रहा है। इसमें आरपीएफ सहित अन्य जिम्मेदारों का पूरा कमीशन रहता है, तभी तो धड़ल्ले से महज दस रुपए में बिकने

वाला पानी बॉटल रेल यात्रियों को 20 रुपए में बेचा जाता है और यह किसी को दिखाई नहीं देता है। रेलवे स्टेशन से रेल नीर पानी की बोतल गायब हो चुका है। यात्रियों को पहले तो लोकल पानी की बोतल बेची जाती है और यदि ग्राहक ने अच्छी कंपनी का पानी मांगा तो उसे बिसलेरी, किन्ले, एक्वाफिना सहित अन्य निजी कंपनियों का पानी बोतल बेचा जाता है। जबकि दूसरी तरफ रेल प्रशासन रेल नीर बेचने के लिए ट्रेनों में बढ़ावा दे रहा है। रेल प्रशासन ने खुद का पानी का प्लांट लगाकर रेल नीर देशभर के स्टेशन और ट्रेन में सप्लाई कर रहा है, लेकिन इसमें कम कमीशन मिलने के चलते पेंट्रीकार और स्टॉल वाले दूसरी कंपनियों का पानी धड़ल्ले से बेच रहे हैं।

श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में भागवत कथा शुरू

न्याय साक्षी/रायगढ़। लंदन यूके से पधारे महाराज तिलक चौतन्य के द्वारा 22 नवंबर से श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर कोतरा रोड में श्रीमद भागवत कथा में कृष्ण की बाल लीला का वर्णन किया। इस भागवत कथा का प्रसारण 1 दिसंबर से प्रतिदिन रात्रि 9 बजे टीवी चैनल में आएगा। मोहन लाल मुरारी लाल अग्रवाल के द्वारा आयोजित इस भागवत कथा में भारी मात्रा में भक्त जन कथा श्रवण करने आ रहे है। श्रीमद भागवत प्रसंग में राधा कृष्ण एवं गोपियों की प्रेम लीला का वर्णन कर परमात्मा प्राप्ति के लिए प्रेम की महिमा समझाई। बताया कि विश्व मे सभी भक्तों में उत्तम भक्ति गोपियों की मानी गयी है क्योंकि प्रेम से परमात्मा को पूर्ण रूप से प्राप्त किया जा सकता है। जहां भागवत कथा के माध्यम से महाराज भक्त जनों के हृदय में भक्ति की लहर प्रवाहित कर रहे है। वही संगीतकार अपनी मधुर कंठ से भक्त जनो को थिरकने के लिए मजबूर कर देते है। भक्तजन ने झुम झुम कर भजन का आनंद लिया। भागवत में महारास लूला और रूखमणी विवाह में सुंदर झांकी भी दिखाई गई जिसको सभी भक्तो ने आनंद लिया।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

तेज रफ्तार ट्रेलर घर की बाड़ी में जा घुसा

न्याय साक्षी/रायगढ़। तमनार अंतर्गत ग्राम लिबरा के मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रेलर घर से लगे बाड़ी में जा घुसा। अच्छी बात यह रही कि इस हादसे में किसी को कोई चोट नहीं लगी। घटना बीती रात की है। ट्रेलर वाहन क्रमांक ओडी 16 डी 73 49 को तेज रफ्तार गति से चला रहा था तभी वह गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी बाडीं में जा घुसा। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। आरोपी वाहन चालक ने बताया कि सामने से एक गाड़ी आ रही थी उसे साइड देने के चक्कर में वाहन अनियंत्रित हो गया। सड़क किनारे बने सीमेंट का बोर्ड को पहले ठोकर मारा जिससे वो टूट कर नीचे खेत में गिरा, उसके बाद लगभग 50 मीटर दूर गाड़ी अनियंत्रित होकर घर अंदर बाड़ी के अंदर जा घुसी।

अज्ञात कारणों से युवती ने खाया जहर

रायगढ़। अज्ञात कारणों से युवती ने जहर सेवन कर लिया जिसे परिजनों ने इलाज के लिये मेकाहारा में भर्ती कराया था। जहां उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सुशीला पटेल पिता श्रुतु लाल उम्र 19 वर्ष ग्राम चलपे निवासी है।

तुलसी होटल रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर बेहोश मिली महिला..!

112 की टीम तुरंत पहुंची मौके पर | इलाज के लिए भेजा मेकाहारा | हालत गंभीर इलाज जारी

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ में आज नागरिकों और 112 की मदद से एक बहुत बड़ी घटना होते-होते रह गई। दरअसल मामला यह था कि दोपहर करीब 12.30 बजे के आस पास एक महिला तुलसी होटल वाले रेलवे फाटक के पास पटरी पर अचेत अवस्था मे रेलवे ट्रैक पर पड़ी थी।

लोगों ने 112 की टीम को सूचना दी जिसमें दिनेश गोंड श्याम देव साहू रितेश दीवान 112 की टीम बिल्कुल भी समय ना गवाते हुए मौके पर मौजूद हुई एवं लोगों से सहयोग लेकर जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा। 112 की टीम मौके पर पहुंच गई और तत्काल उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है फिलहाल उसका मेकाहारा में इलाज जारी है। महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

पुलिस जांच में जुटी है। ताकि परिजनों से संपर्क किया जा सके।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का महत्वपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं नर्मदेश बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.डी.वर्मा, श्रीमती रेवन्ता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद प्रार्थित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तरह के प्रस्तुत होने पर, उसे निष्पक्ष में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं शासन व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। शासन ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ शासकता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता धर्म संघ के प्रधान कार्यालय में प्राप्तव्य है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुरूप व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं सैद्धांतिक तौर से कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु यह संघ मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन्न सब पीड़ित की परेशानी को जानकारी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता की करेगा।
- संघ द्वारा संविधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पता ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
HINDI ENGLISH MEDIUM SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hiteندra 99%
Akanksha 90% Gotanjali 99%
Chetna 94% Arpita 95%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%

Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.वी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931